श्याम प्रभु तुम दया करो भजन लिरिक्स

द्वार खड़ी श्री श्याम तुम्हारे,
श्याम प्रभु तुम दया करो,
करूँ तुम्हारी चरण वंदना,
कष्ट हमारे विदा करो,
द्वार खड़ी श्री श्याम तुम्हारे।bd।

तर्ज – फूल तुम्हे भेजा।

तुमको है मालूम सभी कुछ,
घेर खड़े है ग़म कितने,
तुमसे नहीं तो किससे कहे,
लाचार बड़े है हम कितने,
तुमसे है ये विनती मेरी,
क्षमा करो अपराध मेरे,
भीड़ दुखो की घेरे खड़ी है,
कोई नहीं है साथ मेरे,
करूँ तुम्हारी चरण वंदना,
कष्ट हमारे विदा करो,
द्वार खड़ी श्री श्याम तुम्हारे।bd।

दुनिया की क्या बात करूँ मैं,
परछाई भी दुश्मन है,
राहें हो गई अंगारो सी,
आग में जलता जीवन है,
हाथ धरो मेरे सिर के ऊपर,
शीतल सी छाया कर दो,
हो जाए दु:ख दूर हमारे,
तुम ऐसी माया कर दो,
करूँ तुम्हारी चरण वंदना,
कष्ट हमारे विदा करो,
द्वार खड़ी श्री श्याम तुम्हारे।bd।

कब काटोगे श्याम हमारी,
किस्मत की जंजीरों को,
रंग दो खुशियों से हाथों की,
इन बेरंग लकीरों को,
दया कर हे गिरधारी मेरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट कहीं भी दूर मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दर दर की ठुकराई हूँ,
न्याय मिलेगा दर पे तुम्हारे,
यही सोच के आई हूँ,
Bhajan Diary Lyrics,
करूँ तुम्हारी चरण वंदना,
कष्ट हमारे विदा करो,
द्वार खड़ी श्री श्याम तुम्हारे।bd।

द्वार खड़ी श्री श्याम तुम्हारे,
श्याम प्रभु तुम दया करो,
करूँ तुम्हारी चरण वंदना,
कष्ट हमारे विदा करो,
द्वार खड़ी श्री श्याम तुम्हारे।bd।

Singer – Tara Devi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com